




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 257 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 03 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया


## पिकअप से छह क्विंटल डोडाचूरा जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**पिपलिया मंडी, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने मुखबीर सूचना पर कार्रवाई करते हुए बिना नंबर की पिकअप से 06 क्विंटल डोडाचूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पिपलिया मंडी पुलिस ने फोरलेन पर थड़ोद के पास चेकिंग के दौरान मंदसौर की ओर जा रही पिकअप को रोका। तलाशी के दौरान वाहन से भारी मात्रा में डोडाचूरा मिला। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल उर्फ भूरालाल भील उम्र 26 साल एवं मोती भील उम्र 21 वर्ष, निवासी रावटी जिला रतलाम के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 08/15 के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए पिकअप व मादक पदार्थ जप्त कर लिया है। उप निरीक्षक नीतिन कुमावत ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है कि वे डोडाचूरा कहां से लाए थे और किसे सप्लाई करने जा रहे थे। दोनों आरोपियों को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## ये भविष्य की चुनौतियों से निपटने का गठजोड़...

भारतीय जनता पार्टी का अपना अनूठा प्रबंधन है। इसलिए हेमंत खंडेलवाल 'थोपे गए प्रबंधक' नहीं कहे जा सकते। यह उस दल का मामला है, जो ठोक-बजाकर निर्णय लेता है। और उसके पीछे इतने बारीक सूत्र छिपे रहते हैं, जिन्हें देखकर इस प्रबंधन शैली की दाद ही दी जा सकती है। खंडेलवाल के रूप में जो बदलाव भाजपा ने किया, वह एक सकारात्मक यथास्थितिवाद से मिलता-जुलता होने के बावजूद नयापन भी लिए हुए है।


प्रकाश भटनागर

इसे एक लाइन में समझिए। प्रदेश अध्यक्ष पद के रूप में भाजपा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वाली सरकार की संगठन के साथ कुशल जुगलबंदी का काम कर दिखाया है। यकीनन खंडेलवाल फैक्टर में कुछ और भी नाम लिए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख और प्रभावी चेहरों में शामिल सुरेश सोनी का उल्लेख रह-रहकर हो रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि जो हुआ, उसके पीछे मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की स्वीकृति का बड़ा योगदान रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव में चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक के तौर पर मुख्यमंत्री के साथ हेमंत खंडेलवाल की केमेस्ट्री ने इस ताजा निर्णय के समीकरण तैयार किए थे। हेमंत खंडेलवाल मितभाषी और लो प्रोफाइल तरीके से चुपचाप काम में यकीन करने वाले खांटी टाईप के भाजपाई हैं।

हेमंत खंडेलवाल अपनी कार्यशैली से बहुत कुछ नरेंद्र सिंह तोमर की याद दिलाएंगे। तोमर के लिए भी संगठन का अनुशासन और समन्वय महत्व रखता था तो खंडेलवाल की प्रवृत्ति भी बहुत कुछ ऐसी ही है। पार्टी का हर तरह का कार्यकर्ता सहजता से उनके सामने अपनी बात रख पाएगा। खंडेलवाल के पूर्ववर्ती वीडी शर्मा की कार्यशैली और आभामंडल अलग तरह का था। सबसे लंबे समय तक साढ़े पांच साल पार्टी के सफल अध्यक्ष के तौर पर उनके कार्यकाल को याद रखा जाएगा। वीडी शर्मा ने भी सत्ता और संगठन के संतुलित तालमेल का महत्व अपनी तरह से स्थापित कर दिखाया। साढ़े पांच साल के आसपास का कार्यकाल कहीं न कहीं भाजपा के उस अघोषित नियम की परिधि का अतिक्रमण करने लगा था, जहां किसी के स्थापित होने की प्रक्रिया उसके काबिज हो जाने जैसे हालात दिखाने लगते हैं। ये बात शर्मा के लिए आक्षेप के संदर्भ में नहीं कही जा सकती है। पार्टी की रणनीतिक परिस्थितियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी तय समय से ज्यादा का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। बात कहने का आशय केवल यह कि शर्मा के लंबे और सफल कार्यकाल के बाद उनकी और परिपक्व हुई सियासी क्षमताओं का पार्टी शायद राष्ट्रीय स्तर पर इस्तेमाल करना चाहेगी। कुछ वैसे ही, जैसा शिवराज को केंद्र में कृषि जैसा महत्वपूर्ण विभाग देकर किया गया।

यदि मोहन यादव और हेमंत खंडेलवाल को एक साथ रखकर देखें तो सियासी परिदृश्य का वह हिस्सा साफ दिखता है, जिसमें करीब डेढ़ साल वाले मुख्यमंत्री को आने वाले करीब साढ़े तीन साल के लिए मुफीद जुगलबंदी की सुविधा पार्टी नेतृत्व ने प्रदान कर दी है। यही वो प्रबंधन है, जो बताता है कि कैसे इस पार्टी ने इस निर्णय की महीन समीक्षा के रेशे-रेशे को जोड़कर साल 2028 तक के लिए पुख्ता होमवर्क करने की कोशिश की है। यादव भी लंबे समय के बदलाव के बाद मुख्यमंत्री बनाए गए और खंडेलवाल के मामले में भी ऐसा ही हुआ। अब वल्लभ भवन के पठार से लेकर दीनदयाल परिसर तक स्थित सियासी महासागर के कछार के बीच उस ट्यूनिंग का प्रबंध किया गया है, जो भाजपा के लिए उसकी सियासी संभावनाओं के वृंदगान को और आशा प्रदान कर सके। ऐसा सचमुच ही हो जाए तो कोई हैरत नहीं होगी। मुख्यमंत्री बनने के बाद से अब तक डा. मोहन यादव कई बार तालमेल के मामले में अपनी वह योग्यता सिद्ध कर चुके हैं, जो खंडेलवाल के सियासी अनुभव में भी साफ नजर आती है।

# नई योजना के बीच रोड़ा बनेगा नशामुक्ति केंद्र

### गरदुल्लों पर नहीं होगा केस दर्ज, नशे की लत छुड़ाएगी पुलिस

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में अब ड्रग्स के आदी लोगो को अपराधी नहीं, बल्कि पीड़ित माना जाएगा। इन पर एफआईआर नहीं करते हुए पुर्नवास केंद्र भेजा जाएगा। इन आदेशों के पालन के बीच मंदसौर में नशामुक्ति केंद्र या पुर्नवास केंद्र का न होना योजना में रोडा बन सकता है। चिंता का विषय यह है कि मंदसौर अवैध मादक पदार्थों की मंडी बन चुका है। इधर नशे की सप्लाय के बीच युवाओं तक भी नशा पहुंच रहा है। अभी तक नशेड़ियों के बीच कहीं न कहीं पुलिस कार्रवाई का डर जरुर है। लेकिन, इस आदेश के बाद पुलिस भी कार्रवाई नहीं कर पाएगी।

#### नशे के गढ़ में गायब नशामुक्ति केंद्र...

नशे के गढ़ मंदसौर में नशामुक्ति केंद्र गायब हो चुका है। अफसरों की तानाशाही का नतीजा है कि सालों से संचालित हो रहे नशामुक्ति केंद्र की सुविधा अब मंदसौर में नहीं है। उपचार के लिए भोपाल, इंदौर और उदयपुर ही एक रास्ता है जहां पचास हजार रुपए तक खर्च होते हैं। बता दे कि मंदसौर के बड़े अस्पताल परिसर में रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा नशामुक्ति केंद्र संचालित करने के दौरान 20 बेड,




मनोरंजन के लिए टेलीविजन, कैरम व अन्य स्पोर्ट्स एक्टिविटी के इंतजाम थे। रूटीन चैकअप, काउंसलर थे। यहां स्मैक, गांजा, अफीम, शराब, डोडाचूरा का पानी जैसे नशे की लत वाले युवा एडमिट होते थे, परिजन उन्हें लेकर आते थे। 3 से 6 माह तक के कोर्स होते रहे। कोविड दौर में नशामुक्ति केंद्र की जगह पर प्रशासन-स्वास्थ्य विभाग ने 1 करोड़ रुपए से आरटीपीसीआर लैब बना डाली और केंद्र का अस्तित्व खत्म हो गया। तत्कालीन कलेक्टर गौतमसिंह ने गनेडीवाल धर्मशाला का निरीक्षण किया था और वहां नशामुक्ति केंद्र प्रारंभ करना तय हुआ। उस समय गनेडीवाल धर्मशाला के जीर्णोद्धार की जरूरत बताई थी। तय हुआ कि केंद्र में आउटडोर की सुविधा भी देंगे। ये निर्णय हुआ था कि अस्पताल की ओपीडी मे एक कक्ष का नाम 'मन' होगा, जहां मानसिक रोगी व नशे की लत वाले उपचार करा पाएंगे। आउटडोर यूनिट की भी जरूरत महसूस की थी। निर्धारित दिन 9 फरवरी पर शुभारंभ नहीं हो पाया। किन्तु, 20 फरवरी को कलेक्टर का तबादला जरूर हो गया।

#### आदेश: एफआईआर नहीं होगी, पुनर्वास केंद्र भेजेंगे...

एमपी नारकोटिक्स डीजी केपी वेंकटेश्वर राव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अब ऐसे लोगों पर आपराधिक मामला दर्ज नहीं होगा। आदेश के मुताबिक जो ड्रग्स का सेवन करते हैं यदि उनके पास ड्रग्स मिलता है तो उन्हें तत्काल प्रभाव से पुनर्वास केंद्र भेजा जाएगा। वहां उपचार होगा और उससे ड्रग्स सप्लायर के संबंध में पूछताछ होगी। ये आदेश एडिशनल एसपी नारकोटिक्स समेत प्रदेश के सभी जिलों के एसपी और एसटीएफ के अधिकारियों को भेजा गया है।

#### कानून में सजा का प्रावधान...

हालांकि, डीजी नारकोटिक्स का ये आदेश मौजूदा कानून के उलट है। कानूनन किसी के पास ड्रग्स मिलने पर एनडीपीएस के तहत उसपर कार्रवाई होती है। अब तक ड्रग्स मिलने पर उस व्यक्ति तक ही कार्रवाई सीमित थी। अब पुलिस पर सप्लाई चेन तक पहुंचने का दबाव होगा। ड्रग्स उपभोक्ता पर एफआईआर भी दर्ज नहीं होगी, बल्कि उसे सप्लायर का नाम बताना होगा।

## मल्हारगढ़ पुलिस के हाथ लगा शातिर चोर, लाखों का माल बरामद

### चोरी का माल खरीदने वाला सराफा व्यापारी भी गिरफ्तार

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ थाना पुलिस के हाथ एक शातिर चोर लगा है। जिससे पुलिस ने दो चोरियों में गया लाखों का माल भी बरामद किया है। वहीं चोरी का माल खरीदने वाले नीमच जिले के व्यापारी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में एक और आरोपी की तलाश है। पकडे गए आरोपी पर कई मामले प्रदेश के अन्य थानों में दर्ज है। इसके अलावा अन्य राज्यों में भी चोरी की वारदातों को इसने अंजाम दिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।



पुलिस ने बताया कि 23 जुलाई 25 को थाना मल्हारगढ के स्टेशन रोड कॉलोनी में निवासरत पुष्पा डांगी के सुने मकान में चोरी की वारदात हुई। वहीं 25 जुलाई 25 को अज्ञात बदमाशों ने सुनील पिता मांगीलाल रत्नावत निवासी बरखेडा पंथ के यहां चोरी की वारदात की। दोनों जगहों से लाखों रुपए के जेवरात और नकदी बदमाश ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु की। घटनास्थल एवं संभावित मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का अवलोकन किया गया। जिसमें ग्राम बरखेडा पंथ में घटना स्थल के पास दो संदिग्ध नजर आए। दोनों की पहचान मनीष पिता हेमंत बाछडा उम्र 21 साल निवासी बर्डिया थाना मनासा जिला नीमच एवं मनी बाछड़ा निवासी ग्राम देपालपुरा थाना मनासा जिला नीमच के रूप में की गई। जांच में पता चला कि इन पर जिला मंदसौर, नीमच के अतिरिक्त एमपी के रतलाम, खण्डवा एवं गुजरात राज्य के जिला अरावली एवं राजस्थान राज्य के जिला चित्तौडगढ में भी चोरी के अपराध पंजीबद्ध है। मामले में मनीष पिता हेमन्त बाछडा को गिरफ्तार किया गया। उसने स्टेशन रोड मल्हारगढ में भी चोरी करना स्वीकार किया। चोरी किये गये जेवरात में से कुछ आभुषण सुनार रवि पिता मुरलीधर सोनी निवासी जावद नीमच को बेचना बताया। जिसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रवि से चोरी के जेवरात बराद कर लिए गए है। बरखेडा पंथ से करीब 06 लाख रूपये के जेवरात एवं 03 लाख रूपये नगदी की चोरी हुई थी। जिसमें लगभग 03 लाख 50 हजार रूपये के जेवरात व 70 हजार रूपये नगदी बरामद की गई। स्टेशन रोड मल्हारगढ से करीब 04 लाख 50 हजार के जेवरात व 25 चांदी के सिक्के व 01 लाख 35 हजार रूपये नगदी चोरी गये थे, जिसमें लगभग 03 लाख के जेवरात व 40 हजार रूपये नगदी बरामद की गई। प्रकरण में एक आरोपी फरार है जिससे शेष बची रकम व जेवरात जप्त किये जाना है। पुलिस ने कुल मिलाकर सोने की चेन-02, सोने के कान के टाप्स-02, सोने की अगुंठी -02, सोने की चुडी -04, चांदी के सिक्के -25 तथा 1 लाख 10 हजार रूपये नगदी, घटना में प्रयुक्त एक बिना नंबर की अपाचे मोटरसायकल बरामद की है।



## नवीन आपराधिक अधिनियम: 463 अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस द्वारा जिले के समस्त अनुसंधानकर्ता एवं पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारियो को नवीन आपराधिक अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण 04 अप्रैल से लगातार पुलिस कंट्रोल रुम परिसर में आयोजित किया जा रहा था, जिसमे जिले के समस्त थानों के अनुसंधानकर्ता एवं पर्यवेक्षण अधिकारियों को समय समय पर एक निश्चित संख्या में बुलाकर प्रशिक्षित किया जा रहा था। उक्त प्रशिक्षण के दौरान जिले के 463 अधिकारी/कर्मचारियों को नवीन आपराधिक अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षित किया गया। जिसका समापन बुधवार को पुलिस कंट्रोल रुम परिसर में किया गया। समापन समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौतम सोलंकी, रक्षित निरीक्षक दिनेश बैन, सुबेदार सतेन्द्र सिंह राजपूत, सुबेदार सुमित्रा सोलंकी समेत जिले के अन्य अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण में डिजिटल ई-विवेचना, ई साक्ष्य, ई रक्षक, ई समंस वारंट, फॉरेंसिक साइंस, एफएसएल के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एडीपीओ श्री बलराम सोलंकी, फिंगर प्रिंट अधिकारी दिनेश जमरा, एफ एस एल अधिकारी रामचंद्र भाभर, सीसीटीएनएस प्रभारी राकेश यादव के द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया।

## पांच जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट

### बुधवार को भी चला बारिश का दौर, नीमच-कोटा मार्ग हुआ बंद

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बारिश का दौर बुधवार को भी जारी रहा। मंदसौर में सुबह बूंदाबांदी तो कभी तेज बारिश हुई। इसके बाद दिनभर बादल छाए रहे। बुधवार को मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी दी थी। वहीं मौसम विभाग के अनुसार 05 जुलाई तक बारिश का दौर जारी रहेगा। बुधवार को मंदसौर के अलावा प्रदेशभर में कई जगहों पर बारिश हुई। नदी में उफान के चलते नीमच-कोटा हाईवे बंद हो गया है। बुधवार दोपहर से 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट बताया गया था। जबकि, 08 जिले ऐसे हैं, जहां 24 घंटे में 08 इंच तक पानी गिर सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 04 दिन तक प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहेगा। इसकी वजह से पूरे प्रदेश में तेज बारिश का दौर चलेगा। बुधवार को जिन आठ जिलों में अति भारी बारिश का अलर्टहै, उनमें नीमच, मंदसौर, रतलाम, सीधी, सिंगरौली, मंडला, डिंडौरी और बालाघाट शामिल थे।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह कहते है कि सामान्यत: जुलाई महीने के पहले ही दक्षिण-पश्चिम मानसून का आगमन हो जाता है। इससे इस महीने कभी हल्की तो कभी तेज बारिश, वहीं कभी भारी से अति बारिश भी इस महीने में होती है। इस महीने में सतही हवाएं सामान्यत: पश्चिम से आती हैं। इसमें बीच-बीच में मानसून में व्यवधान भी आता है। इस वजह से तापमान भी बढ़ता है और इस बीच उमस भरा वातावरण भी रहता है। उन्होंने बताया कि जुलाई महीने में मानसून द्रोणिका एक लंबी कम दबाव वाला क्षेत्र में सक्रिय और जोरदार मानसून होता है। इसके विपरीत इस द्रोणिका के उत्तर की ओर प्रवास से क्षेत्र में मानसून की स्थिति में व्यवधान आ जाता है। इससे बारिश के दौर में रुकावट भी आती है। इस महीने अच्छी बारिश के



संकेत मिल रहे हैं। अधिकतम तापमान भी 31 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

#### ऐसा रहेगा मानसून...

✻ इस महीने का अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री के आसपास रहेगा। ✻ आर्द्रता 85 से 69प्रश के बीच रहेगी। इस महीने बारिश के दिनों की संख्या 12 दिन है। ✻ महीने की औसत बारिश 11 इंच के आसपास है। ✻ गर्जन वाले दिनों की संख्या इस महीने 0 है।

## शुक्ला चौक में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी फरार

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्र स्थित शुक्ला चौक में बुधवार को दिनदहाड़े एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। आरोपी मौके से भाग निकला। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक अयान पिता आसिफ मेवाती उम्र 20 साल, निवासी मदारपुरा को एक युवक ने गर्दन और गले में चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वारदात के बाद आरोपी हाथ में चाकू लेकर कोचेटा कॉम्प्लेक्स की घाटी चढ़कर मौके से फरार हो गया। आरोपी की पहचान फैजान पिता फिरोज पेंटर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पूर्व में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके चलते यह हमला हुआ। घायल अयान को तत्काल बड़े अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया हैं। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। वारदात के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया था। लेकिन, पुलिस की सतर्कता से स्थिति नियंत्रण में है।



## राजस्थान में एजीटीएफ की बड़ी कार्यवाही, 14 अवैध हथियार सहित 02 बदमाश गिरफ्तार

### आरोपी सलमान खान ने उगले गहरे राज

**प्रतापगढ़, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। राजस्थान में संगठित अपराध और अवैध हथियारों की कमर तोड़ने के लिए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स 'एजीटीएफ' ने प्रतापगढ़ पुलिस के साथ मिलकर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस संयुक्त अभियान में 14 अवैध विदेशी और देशी हथियार, 1860 कारतूस और 10 मैगजीन का एक विशाल जखीरा बरामद किया गया है।**

पुलिस ने इस मामले में दो प्रमुख बदमाशो कुख्यात गैंगस्टर सलमान खान और उसके हथियार सप्लायर राकेश कुमार को गिरफ्तार किया है, जिससे राज्य में अवैध हथियारों के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एम.एन. के निर्देशों और उप महानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव के मार्गदर्शन में इस विशेष अभियान को अंजाम दिया गया।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह के नेतृत्व में एक टीम को सूचना संकलन के लिए बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और चित्तौड़गढ़ रवाना किया गया था। गुप्त सूचनाओं और गहन आसूचना संकलन के बाद यह कार्रवाई की गई।

#### हथियार सप्लायर राकेश पकड़ा गया...

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि 28 जून को छोटी सादड़ी थाना पुलिस ने झालावाड़ निवासी राकेश कुमार पिता कचरू राम को छोटी सादड़ी-नीमच रोड से एक पिस्टल सहित गिरफ्तार किया था। राकेश, अवैध हथियार सप्लाई चेन का एक महत्वपूर्ण मोहरा था और उसकी गिरफ्तारी इस ऑपरेशन की पहली कड़ी साबित हुई। इस हथियार सप्लायर से एजीटीएफ टीम लगातार पूछताछ कर रही थी।

#### गैंगस्टर सलमान खान ने खोले राज...

राकेश से हुई पूछताछ ने पुलिस को अपराध की दुनिया के एक और बड़े नाम सलमान पिता शेरखान निवासी नागदा जिला उज्जैन तक पहुंचाया। सलमान जो पहले से ही बांसवाड़ा जेल में फिरौती के एक मामले में बंद था को एजीटीएफ ने प्रोटेक्शन वारंट पर लिया। उससे की गई कड़ी पूछताछ ने कई चौंकाने वाले राज खोले।

सलमान ने बताया कि उसके पिता शेरखान पठान भी पुलिसकर्मी थे। लेकिन, हत्या सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे और अंतत: पुलिस मुठभेड़ में मारे गए थे। पिता के नक्शेकदम पर चलते हुए सलमान ने कम उम्र में ही अपराध की दुनिया में कदम रख दिया था। स्कूल छोड़ने के बाद वह लड़ाई-झगड़ों में शामिल हो गया और अपनी 90 बीघा पैतृक जमीन होने के बावजूद प्रॉपर्टी डीलिंग के नाम पर विवादित जमीनों पर कब्जा करने लगा, जहां उसके 'खौफ' का राज चलता था।

#### दुबई का सफर और हथियारों का राज...

अपने खिलाफ लगातार बढ़ते मुकदमों से बचने के लिए सलमान ने निवास बदलकर फर्जी पासपोर्ट बनवाया और दुबई भाग गया था। पुलिस को सबसे महत्वपूर्ण जानकारी यह मिली कि दुबई जाने से पहले उसने अपने सभी अवैध हथियार दोस्त मोहम्मद नवाज निवासी रतलाम के पास 30 लाख रुपये की सिक्योरिटी के तौर पर गिरवी रख दिए थे। उसका इरादा था कि जैल से छूटने के बाद वह इन्हें वापस ले लेगा।

#### बरामद हथियारों का जखीरा...

सलमान की निशानदेही पर पुलिस ने छोटी सादड़ी इलाके से भारी मात्रा में अवैध विदेशी और देशी हथियार व कारतूस बरामद किए हैं। इनमें 12 बोर पंप एक्शन गन 1 नग, 22 बोर राइफल 1 नग, 22 बोर रिवॉल्वर 03 नग, 32 बोर ऑटोमेटिक माउजर 01 नग, 32 बोर पिस्तौल 08 नग, खाली मैगजीन 10 नग, मैगजीन फिलर 02 नग, विभिन्न बोर के कारतूस 32 बोर (324), 32 ब्लैंक (112), 7.62 एमएम (166), 7.65 एमएम (909), 09 एमएम (88), 30-06 एमएम (20), 12 बोर पंप एक्शन गन के कारतूस (125), 12 बोर गन के कारतूस (20), .22 के कारतूस (96) नग शामिल है।

सलमान पर पहले से ही मारपीट, धमकी, आर्म्स एक्ट, चोरी, हत्या के प्रयास, रंगदारी और एनडीपीएस एक्ट सहित दर्जनों गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी के विरूद्ध एफआईआर निरस्त करने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी पर अशोक नगर जिले के मुंगावली पुलिस थाने पर की गई झूठी एफआईआर को निरस्त करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन के निर्देशानुसार शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर के नेतृत्व में गांधी चौराहा मन्दसौर से दो पहिया वाहनों के साथ कांग्रेस जनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया एवं मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौतम सोलंकी को दिया गया।

ज्ञापन के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत झूठे तथ्यों के आधार पर एफआईआर क्रमाक 0233 दिनांक 27.06.2025 दर्ज की गई है जिसमें उल्लेखित किया गया है कि गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी निवासी ग्राम मुडरा थाना मुंगावली जिला अशोकनगर के साथ सरपंच के पुत्र विकास एवं उनके साथियों द्वारा दोनो लोधी भाईयों के साथ मारपीट की गई है उनकी मोटर साईकिल छीन ली गई है। उक्त घटना के संबंध में दिनांक 25.06.2025 को. प्रदेश अध्यक्ष श्री पटवारी के ओरछा दौरा कार्यक्रम के दौरान भेंट कराई गई जिसमें आरोप लगाया गया कि श्री पटवारी ने गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी पीडित भाईयों को यह समझाया कि यह कहना कि तुम्हे मारपीट के साथ-साथ मानव मल भी खिलाया गया है, यदि ऐसा कहोगे तब मोटर सायकिल भी दूंगा तथा परिवार का ध्यान भी रखूगा। उक्त घटनाक्रम के वार्तालाप को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा घटना के विवरण का वीडियो वायरल किया गया। डॉ तोमर ने बताया कि उपरोक्त घटनाक्रम का वीडियो वायरल होने पर जिला कलेक्टर अशोकनगर द्वारा पीडित लोधी बंधुओं को तलब किया गया एवं मानव मल खिलाने की शर्मनाक घटना से उनके जिले को बदनामी रोकने के उद्देश्य से डरा धमकाकर पीडित व्यक्तियों से शपथ पत्र लिया गया जिसमें उपरोक्त घटनाक्रम के संबंध में लिखा गया जो कि पुलिस में दर्ज एफआईआर में उल्लेखित है। उन परिस्थितियों की जांच होनी चाहिए कि 25.06.2025 को पीडित व्यक्तियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को अपनी शिकायत दर्ज कराई हो और उसके दूसरे दिन 26.06.2025 को वह बिना किसी कारण के कैसे कलेक्टर अशोकनगर को शपथ पत्र दे सकते है कि मानव मल खिलाने का स्टेटमेंट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी के कहने पर दिया गया है यह राजनीतिक द्वेष भावना से किये जाने वाला षडयंत्र है।

डॉ तोमर ने बताया कि दिनांक 25.06.2025 को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ पीडित लोधी बंधुओं द्वारा की गई शिकायत का वीडियो वायरल होने पर जिला कलेक्टर द्वारा डराधमका कर गलत शपथ पत्र लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अपराधी साजिश करना, धर्म जाति के आधार पर आपसी दुश्मनी को बढावा देना, राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक होना, झूठे तथ्यों को सच के रूप में प्रस्तुत करना और सार्वजनिक उपद्रव फैलाने के लिए साजिशकर्ता मानकर एफआईआर दर्ज की गई। आश्चर्य कि बात यह है कि दिनांक 25.06.2025 को ग्राम मुडरा निवासी गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी जिनके साथ गांव के दबंग सरपंच पुत्र द्वारा अपने साथियों के साथ मारपीट की जिसके लिए शिकायत होने पर भी उन्हें न्याय ना मिलने पर उनके द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी से सम्पर्क स्थापित कर अपनी शिकायत दर्ज कराई गई। ज्ञापन का वाचन किटियानी मंडलम अध्यक्ष पंकज जोशी ने किया, मंडलम अध्यक्षगण दशरथ सिंह राठौर, अजय सोनी, विजय जैन ने वरिष्ठनेताओं के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौतम सोलंकी को ज्ञापन सौंपा। सभी का आभार मंडलम अध्यक्ष राजनारायण लाड़ ने माना। इस अवसर पर सर्वश्री डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर, महेंद्र सिंह गुर्जर, परशुराम सिसोदिया, राजेश सिंह रघुवंशी, सोमिल नाहटा, मनजीत सिंह टुटेजा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दसोरा, मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा, युवक कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल, जिला कांग्रेस पदाधिकारीयो में सर्वश्री डाक्टर प्रीति पाल सिंह राणा, ब्रह्मानंद पाटीदार, शंकर लाल पाटीदार, अजय लोढा, सुरेंद्र कुमावत, मो.खलील शेख, जिला पंचायत सदस्य भोपाल सिंह सोलंकी, दीपक सिंह चौहान, कांग्रेस नेतागण आसिफ छिपा, खलील पठान, सुनील बसेर, कमलेश सोनी, विजय सिंह सिसोदिया, वहिद जैदी, किशन लाल चौहान, रमेश सिंगार, निर्विकार रातडिया, महिला नेत्रीयों में रफत पयामी, इष्टा भाचावत, बबीता सिंह तोमर, अनीता भदोरिया, वर्षा सांखला, योगिता बैरागी, साथ ही इस अवसर पर कांग्रेस नेतागण किशोर उणियारा, महेश पाटीदार मनोहर नाहटा, अजय सोनी, दशरथ राठौर, रमेश ब्रिजवानी, विजय जैन, आरिफ अंसारी प्रदीप बडोलिया, कचरू सिंह अंबालाल हिंगोरिया दुर्गेश चंदेल अमीन खान, भंवर लाल कुमावत, राकेश सेन, गणेश राम परिहार, महेश गुप्ता, रामचंद्र पाटीदार, मनोहर गुर्जर, सावन मकवाना आदि शामिल हुए।



# प्रबंधन आज के समय में अत्यन्त आवश्यक-पाटीदार

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में 01 जुलाई 2025 से तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह के द्वितीय दिवस में वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पी.एल.पाटीदार ने बताया कि इस प्रोग्राम का उद्देश्य स्वयं की खोज है। इस खोज में प्रबंधन के महत्व को बताते हुए कहा कि प्रबंधन आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। आप अपनी कक्षा समय सारणी का अवलोकन कर उसके अनुसार अपने आने और जाने का समय सुनिश्चित करें। कक्षाओं के अलावा अन्य गतिविधियों जैसे- क्रीडा , व्यक्तित्व विकास, एनएसएस, कॅरियर गाइडेन्स आदि में अपनी रूचि अनुसार भाग लें। कॉलेज के नियमों का भी अवलोकन करें। कालेज में हर जगह छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है। कॉलेज में 48 बेडेड हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है। महाविद्यालय का पुस्तकालय भी समृद्ध है जिसमें पाठ्यक्रम व प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध है। साथ ही ई-लाइब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध है। आपने कहा कि लड़किया खुद एक समाज है जिनसे समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है आज के तकनीकी युग की सुविधाओं का हम उपयोग करें, दुरूप्रयोग नहीं। मौजूदा वातावरण में होने वाले साइबर क्राइम से सतर्क रहे और राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिक के रूप में उभर कर आयें। विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ.कविता बुन्देला ने एनईपी पाठ्यक्रम से छात्राओं को अवगत कराया साथ ही ईको क्लब की जानकारी दी। आपने बताया कि महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं से छात्रायें अपना व्यक्तित्व विकसित कर सकती है। एनएसएस के माध्यम से अपने सेवाभाव को और अपने व्यक्तित्व को कैसे निखार सकती है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं ने अध्ययनकाल का अनुभव साझा करते हुए कु.रविना कुंवर सोलंकी ने कहा कि महाविद्यालय में होने वाली कई प्रतियोगिताओं ने उसे एक अच्छा वक्ता बनाया साथ ही महाविद्यालय के स्पार्टस आफिसर श्री मनीष पांचाल ने स्पोर्टस में आगे बढने की प्रेरणा दी जिससे आज वह एक राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिता में सहभागिता की है। उसने कहा कि डॉ.राजश्री ठाकुर मेडम के प्रेरणा से एनएसएस ईकाई से जुडी जिससे मेरे संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास हुआ। स्वयं के लिए सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए मेरे नाम के साथ में मेरी पहचान पर्यावरण मित्र की भी है जो कि महाविद्यालय की ईको क्लब की देन है। स्नातकोत्तर अंग्रेजी की पूर्व छात्रा सुश्री अनुष्का जैन ने महाविद्यालय से प्राप्त सभी सुविधाओं और अपने शिक्षकों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही महाविद्यालय से गतवर्ष विश्वविद्यालय स्तर की एम.ए अंग्रेजी विषय की प्राविण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त सुश्री जान्हवी जैन को महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाली छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। आपने कहा कि कला का जीवन में बहुत महत्व है। कु. साक्षी चन्द्रावत ने कहा कि महाविद्यालय में आकर हमने सीखा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए हर रोज छोटे-छोटे कदम उठाने पड़ते है जिससे हमारे उद्देश्य पर पहुँचना आसान हो जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि जिस घर में बालिकायें होती हैं वहां समृद्धि और सुख का वास होता है। आपने बालिकाओं से आग्रह किया कि आपको प्राप्त स्वंतत्रता को स्वतंत्रता ही रहने दें स्वच्छंदता न बनायें। आपने वाणिज्य विभाग में प्रांरभ हुए नवीन पाठ्यक्रम अप्रेन्टिसशीप इम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थी दो वर्ष अध्ययन करता है व तीसरे वर्ष लगभग 8000/- रूपये का स्टाइपेंड प्राप्त करता है। यह पाठ्यक्रम शासन की सीखो कमाओंयोजना केअंतर्गत चलाया जायेगा। साथ ही बताया कि महाविद्यालय की एससी, एसटी वर्ग की छात्राओं को सेडमेप के माध्यम से नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण भी दिया जाता है इस वर्ष हेतु आवेदन करने की अंतिम दिनांक 04 जुलाई 2025 है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डा.उमा गगरानी प्राध्यापक हिन्दी ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्रायें उपस्थित रही।

# सीए दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कोई अपने चेयरमैन के साथ सेल्फी ले रहा था, तो कोई अलग अलग तरह के चेहरे बनाते हुए सेल्फी ले रहा था। कोई मैदान में बतख के पीछे दौड़ते हुए फोटो ले रहा था तो कोई सीए के लोगो के साथ फोटो खींच रहा था। यहाँ तक कि कोई तो चुनरी सिर पर रखकर नृत्य करते हुए वीडियो बना रहा था। यह सारे नजारे दिखाई दे रहे थे मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा सीए दिवस पर आयोजित पारिवारिक मिलन समारोह में।

1 जुलाई को अपने स्थापना दिवस को परिवार व विद्यार्थियों के साथ मनाने के लिये मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया और इस आयोजन में मन्दसौर जिले के सीए सदस्य व विद्यार्थी परिवार सहित सम्मिलित हुए। सभा को संबोधित करते हुए मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया ने कहा कि हमें अपने सीए सदस्य होने पर गर्व है और इस गौरवपूर्ण क्षण को हमें अपने परिवार के साथ प्रदर्शित करना भी चाहिये। आज सीए दिवस के अवसर पर आयोजित पारिवारिक मिलन समारोह में आप सभी की अभूतपूर्व संख्या में उपस्थिति यह प्रदर्शित करती है कि आप अपनी संस्था से दिल से प्यार करते हैं। आज के कार्यक्रम में सीए सदस्य, उनका परिवार व सीए विद्यार्थी सभी की सहभागिता ने इस सीए दिवस के उत्सव को नई उंचाई प्रदान की है। कार्यक्रम में जावरा से आयी एंकर साक्षी जैन ने अपने अलग ही अंदाज में खेल खेल में वहाँ मौजूद प्रत्येक सदस्य को थिरकने पर मजबूर कर दिया। ट्रेजर हंट व गाना सुनो आयटम चुनो जैसे मनोरंजक गेम से उन्होंने पूरे कार्यक्रम में समाँ बाँध दिया। मनीषा मंडवारिया द्वारा आयोजित नंबर के खेल में भी सदस्य अपने पड़ोसी को उलझाकर पूरी सभा को रोमांचित करते रहे। कार्यक्रम में सीए विनय अग्रवाल, नीतेश भदादा, अर्पित नागर, सिद्धार्थ अग्रवाल, अर्पित मेहता सहित 170 से भी अधिक सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज की।



500 साल पुराने मंदिर जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा जी के मंदिर पर छप्पन भोग के साथ...

# सीमांकन एवं जीर्णोद्धार की योजना हेतु समाजसेवी आगे आए

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अति प्राचीन मंदिर खानपुरा में स्थित जगदीश मंदिर भगवान जगन्नाथ बलभद्र सुभद्रा जी के मंदिर पर समाजसेवी अनिल गुप्ता, एडवोकेट सत्येंद्र सिंह सोम, समाजसेवी सुभाष गुप्ता, पर्यावरणविद गोपाल पंचारिया द्वारा खानपुरा स्थित मंदिर में अवलोकन करने के लिए सभी 1 जुलाई की संध्या पहुंचकर इस मंदिर के अंदर पूरे क्षेत्र का सीमांकन एवं मंदिर में वृक्षारोपण जिन आधार के साथ छप्पन भोग की योजना बनी।

समाजसेवी अनिल गुप्ता ने कहा कि इस महीने जो की विशेष रूप से जगन्नाथ यात्रा के साथ जुड़ा हुआ महीना है हम छप्पन भोग का आयोजन करेंगे शासन प्रशासन से सीमांकन की मांग करेंगे साथ ही पूरे मंदिर के अंदर वृक्षारोपण एवं प्रति महीने विशेष आरती की जावेगी। इस संबंध में आवश्यक बैठक रखी जाएगी और शासन को भी इस मंदिर से जोड़ते हुए पूरे क्षेत्र के अंदर जो भी स्थल खाली पड़ा है उसमें दसोरा समाज आराध्य देव की स्थापना भी करने की योजना बनाई गई बहुत ही जल्दी पूरे मंदिर के अंदर निर्माण कार्य भी किया जाएगा यह मंदिर 500 साल पुराना है जो की मूर्तियां बनी है वह कास्ट कला की मूर्तियां हैं बहुत ही चमत्कारिक मंदिर है इस मंदिर में पहुंचकर आने वाले समय श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ति होगी। मंदिर पर कलेक्टर महोदय एवं प्रशासनिक अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। पशुपतिनाथ मंदिर के घाट पर स्थित इस मंदिर के साथ ही पूरे क्षेत्र में जितने भी प्राचीन मंदिर हैं उनकी देखरेख करने का कार्य किया जाएगा। सत्येंद्र सिंह सोम द्वारा लीगल कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है जिसकी एक कॉपी कलेक्टर महोदय को सौंपने का निर्णय लिया गया है नगर के समाजसेवी एवं धर्म से 20 संस्थाएं मिलकर इस कार्य को पूरा करेंगे मंदिर के विषय में पूरी योजना बनाने के साथ ही जो बावड़ी वहां पर निर्मित है उसकी सफाई का कार्य भी अति शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। अनिल गुप्ता ने छप्पन भोग की जवाबदारी अपने उपर लेते हुए कहा कि 51 किलो की मिठाई का वितरण किया जाएगा। इसके संबंध में आवश्यक बैठक का निर्णय शीघ्र लिया जा रहा है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी दशपुर जागृति संगठन के जयंत भावसार द्वारा दी गई।



# मड़ावदा में तहसीलदार ने किया शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण का मौका मुआयना

**नीमच, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जनसुनवाई में प्राप्त एक आवेदन पर राजस्व विभाग की टीम मंगलवार को पहुंची ग्राम मड़ावदा। तहसीलदार जावद के नेतृत्व में शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण का राजस्व विभाग की टीम ने किया मौका मुआयना।

जावद एसडीएम सुश्री प्रीती संघवी ने बताया, कि कलेक्टर नीमच के समक्ष एक जुलाई 2025 को जनसुनवाई में ग्राम मड़ावदा स्थित भूमि के संबंध में आवेदक, शिकायतकर्ता राहुल पिता मुकनलाल बलाई, निवासी मड़ावदा द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया, कि आवेदक को ग्राम मडावदा कि भूमि से हटाया जा रहा है। आवेदक ने निवेदन किया, कि आवेदक को उक्त भूमि से नहीं हटाया जाए एवं ग्राम मडावदा के सरपंच लालाराम रावत पिता बगदीराम रावत द्वारा शासकीय सर्वे कं. 362/2 भूमि पर एवं सर्वे कं. 414/4 भूमि पर खेती कार्य एवं मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है, जिसे अतिक्रमण से मुक्त कराने का आगृह किया। एसडीएम सुश्री संघवी ने बताया, कि कलेक्टार श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार इस संबंध में पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर ग्राम मड़ावदा स्थित शासकिय भूमि सर्वे कं. 454/3 रकबा 1.852 हे. भूमि में से रकबा 0.180 हे. भूमि पर अतिक्रमणकर्ता राहुल, रूपेश पिता मुकनलाल, नानीबाई पति प्रकाशचन्द्र, प्रेमचंद पिता प्रकाशचन्द्र जाति बलाई, निवासी मड़ावदा द्वारा भूमि हांक जोतकर, फसल बोकर व तार फेंसीग कर अतिक्रमण कर रखा है संबंध में रिपोर्ट पटवारी द्वारा प्रस्तुत की गई है। जिसके आधार पर न्यायालय नायब तहसीलदार जावद के न्यायालय में प्रकरण कमांक 0006/अ-68/2025-26 दर्ज कर 24 जून 2025 को बेदखली आदेश पारित किया गया हैं। उक्त आदेश के पालन में राजस्व अमला राजस्व निरीक्षक व मौजा पटवारी मड़ावदा द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने पर उक्त अतिक्रामकों द्वारा मौके पर विवाद किया गया, जिससे उक्त अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका हैं। शिकायतकर्ता द्वारा ग्राम मड़ावदा के सरपंच लालाराम रावत पिता बगदीराम रावत द्वारा शासकीय सर्वे कं. 362/2 भूमि पर एवं सर्वे कं. 414/4 भूमि पर खेती कार्य एवं मकान बनाया जाकर अतिक्रमण किया गया है, जिसे अतिक्रमण से मुक्त कराने के संबंध में भी निवेदन किया गया हैं। उक्त अतिक्रमण को हटाने के संबंध में मौजा पटवारी मड़ावदा से अतिक्रमण रिपोर्ट चाही गई है, रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार न्यायालय में प्रकरण दर्ज कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कि जावेगी। एसडीएम जावद ने बताया, कि आवेदक राहुल, नानीबाई एवं उसके परिजनों द्वारा स्वयं ग्राम मड़ावदा में शासकीय जमीन पर अवैध अतिक्रमण किया गया है। जिसे तहसीलदार द्वारा हटाने का आदेश पारित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है, कि बुधवार को विभिन्न समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया पर ग्राम मड़ावदा की एक महिला द्वारा मंगलवार को अपनी फरियाद सुनवाने के लिए जमीन पर लौट कर कलेक्टर कार्यालय पहुंचने से संबंधित समाचार प्रकाशित प्रसारित हुआ है। इस संबंध में जावद एसडीएम द्वारा उक्त वस्तुस्थिति स्पष्टकी गई है।

# श्रीमती शारदा त्रिपाठी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ लेखिका व निर्माता का सम्मान

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर निवासी फिल्म प्रोड्यूसर एवं लेखिका श्रीमती शारदा त्रिपाठी को उत्तराखण्ड के देहरादून के होटल सेफरान लेफ पर विशेष समारोह में फिल्म अभिनेता जितेन्द्र के सुपुत्र अभिनेता तुषार कपूर ने आर्टएवंकल्चर मेंयोगदान केलिये गेलेक्सी एक्सीलेंसी आइकान अवार्ड 2025 से तथा हेमामालिनी की सुपुत्री अभिनेत्री ईशा देओल ने श्रीमती त्रिपाठी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ लेखिका एवं सर्वश्रेष्ठ निर्माता के अवार्ड 2025 से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया जिसमें म.प्र. से श्रीमती शारदा त्रिपाठी को इस अवार्ड के लिये चयनित किया गया। ये मध्यप्रदेश के लिये गौरव की बात है। श्रीमती त्रिपाठी ने एडवरटाइजिंग, इंटरटेंटमेंट एवं फिल्म इण्डस्ट्रीज की दुनिया में अपनी विशेष पहचान बनाई तथा अपने पुत्र को हीरो लेकर फिल्म सबवे का 2022 में निर्माण किया। इस फिल्म में अभिनेता एवं गोरखपुर के सांसद रवि किशन मुख्य भूमिका में थे। उत्तराखण्ड एक्सीलेंसी आइकॉन अवार्ड जूरी ने श्रीमती शारदा त्रिपाठी का नाम चयन किया था। जिसे मंजूर किया गया। श्रीमती त्रिपाठी फिल्म प्रोड्यूसर के साथ लेखिका भी है जिनकी नई फिल्म पब्लिक का हीरो शीघ्र प्रदर्शित होने वाली है। इस फिल्म में 80 से ज्यादा कैरेक्टर है। फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती के पुत्र मिमोह चक्रवर्ती, शक्ति कपूर हीरो विशाल विशेष है। श्रीमती त्रिपाठी को पुरस्कृत किये जाने पर इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।



## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 70 | 1950 | 2221 |
| उड्द | 9 | 4099 | 5000 |
| सोयाबीन | 6190 | 33000 | 4270 |
| गैहु | 5137 | 2400 | 2750 |
| चना | 390 | 5000 | 5510 |
| मसुर | 108 | 6000 | 6426 |
| धनिया | 73 | 5555 | 6880 |
| लहसुन | 14000 | 2811 | 8200 |
| मैथी | 524 | 3260 | 6001 |
| मुंगफली | 519 | 3452 | 5270 |
| अलसी | 796 | 6601 | 7160 |
| सरसो | 453 | 6221 | 6630 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 50 | 7300 | 10161 |
| प्याज | 2688 | 200 | 1100 |
| कलोंजी | 10 | 13801 | 19861 |
| तुलसी बीज | 19 | 9901 | 14200 |
| डॉलर | 20 | 5450 | 7400 |
| तिल्ली | 232 | 6301 | 8000 |
| जौ | 1 | 2240 | 2240 |
| मटरसुखी | 74 | 3400 | 3450 |
| असालीया | 73 | 6221 | 6811 |
| चियाबीज | 29 | 10200 | 15581 |


## कार्यालय नगर परिषद् शामगढ़ जिला मन्दसौर (म.प्र)

क्रमांक 1217/राजस्व / नामा./ 2025

**नामातंरण विज्ञप्ति**

शामगढ़ दिनांक -02.07.2025

**सर्वसाधारण को जानकारी के लिये प्रकाशित किया जाता है कि निम्न विवरण अनुसार म.प्र.न.पा.अधिनियम 1961 की धारा 150 की अनुसार नामांन्तरण की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप धारा 151 के तहत कार्यवाही की जाना है। जिस किसी आवेदक का नामांन्तरण नाम लागु किये जाने मे किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो विज्ञप्ति प्रकाशन होने के दिनांक से 30 दिवस की अवधि मे लिखित रूप से अपनी आपत्ति मय पुष्ट प्रमाण के कार्यालय मे (अवकाश के दिनो को छोडकर) कार्यलय मे प्रस्तुत करे। अवधि समाप्त होने पर आपत्ति मान्य नही की जावेगी।**

| क्र. | मोहल्ला श्रेत्र/ सम्पत्ति विवरण | वार्ड न | नप रिकार्ड में दर्ज नाम | हस्तान्तरण कर्ता का नाम | जिसके नाम अंतरण (नामा.) होना है | अंतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मकड़ावन मार्ग से अंदर/भ.क्रं. 357 | 14 | सरफराज हुसैन पिता इब्राहिम हुसैन | सरफराज हुसैन पिता इब्राहिम हुसैन | इब्राहिम हुसैन पिता मोहम्मद हुसैन | वसीयत, मृत्यु प्रमाणपत्र, शपथ पत्र |
| 2 | दानगढ़ बाठिया के प्लांट के समीप रोड से अंदर/सर्वे क्रं.1263/2/71 | 07 | दर्ज नहीं | रामगोपाल पिता रामनिवास मनोरा | सोनूराम पिता रामकरण शर्मा | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 3 | दानगढ़ बाठिया के प्लांट रोड से अंदर/भ.क्र. 3381 | 07 | रामकरण पिता हरिप्रसाद शर्मा | रामकरण पिता हरिप्रसाद शर्मा | रेखा पति कृष्णानंद शर्मा | रजिस्टर्ड दानपत्र |
| 4 | गरोठ रोड, डिम्पल चौराहा से ऋषभ पेट्रोल पंप तक/भ.क्र.4785 | 08 | गोविन्दराम पिता रामनिवास धनोतिया | गोविन्दराम पिता रामनिवास धनोतिया | ओमप्रकाश पिता मनोहरलाल मेहता | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 5 | पाटीदार मोहल्ला/भ.क्र.1326 | 03 | मदन पिता शिवपूरी | मदनपुरी पिता शिवपूरी गोस्वामी | भूरीबाई पति मदनपुरी गोस्वामी | रजिस्टर्ड दानपत्र |
| 6 | बागरी मोहल्ला/भ.क्र.884. | 02 | बगदीराम पिता मेहताबजी | बगदीराम पिता मेहताब सोलंकी | ग्यारसीबाई पिता बालूसिंह पति लालचंद सोलंकी | रजिस्टर्ड दानपत्र |
| 7 | डिम्पल चौराहा से खाती मोहल्ला तक रोड से अंदर मधुर कालोनी सर्वे क्रं. 563/मिन-39 | 01 | दर्ज नहीं | भगतराम पिता मोतीलाल कुमावत | अनिलकुमार पिता बालमुकुन्द धनोतिया | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 8 | शीतलामाता मार्ग/भ.क्र.5383 | 12 | सर्वे अनुसार गंगाराम पिता कालू/राधेश्याम बारेठ | गंगाराम पिता कालूराम बारेठ | भंवरलाल पिता मांगीलाल वर्मा | वसीयत, मृत्यु प्रमाणपत्र, शपथ पत्र |
| 9 | सगोरिया रास्ते की ओर रोड से अंदर/सर्वे क्रं.204/1/8/1/1/1 में से | 08 | दर्ज नहीं | रमेशचंद्र पिता सत्यनारायण धनोतिया | रमा पति मोहनलाल शर्मा | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 10 | मेन रोड से सब्जी मंडी के मध्य/भ.क्र.6273 | 09 | गोपाल कृष्ण पिता हरदयाल खुराना | गोपाल कृष्ण पिता हरदयाल खुराना | किशोरकुमार पिता गोपालकृष्ण खुराना | रजिस्टर्ड वसीयत, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 11 | मेन रोड, सर्वे क्रं. 1276/1/1/2 | 07 | दर्ज नहीं | खसरा, खतौनी, पावती, डायवर्शन अनुसार | दिलीपकुमार पिता सत्यनारायण धनोतिया | खसरा, खतौनी, पावती, डायवर्शन अनुसार |
| 12 | मेन रोड, सर्वे क्रं. 1276/1/1/4 | 07 | दर्ज नहीं | खसरा, खतौनी, पावती, डायवर्शन अनुसार | जगदीशचंद्र पिता सत्यनारायण धनोतिया | खसरा, खतौनी, पावती, डायवर्शन अनुसार |
| 13 | मेन रोड, सर्वे क्रं. 1145/1/1/1/3 | 07 | दर्ज नहीं | खसरा, खतौनी, पावती, डायवर्शन अनुसार | जगदीशचंद्र पिता सत्यनारायण धनोतिया | खसरा, खतौनी, पावती, डायवर्शन अनुसार |
| 14 | टोडा गली/भ.क्र.1140 | 03 | सुरेशकुमार, पुष्कर कुमार, दिनेश कुमार पिता नाथुलाल प्रजापति | पुष्कर कुमार, दिनेश कुमार पिता नाथुलाल प्रजापति | सुरेशकुमार पिता नाथूलाल प्रजापति | रजिस्टर्ड आपसी विभाजन पत्र |
| 15 | दानगढ़ बाठिया के प्लांट के समीप/सर्वे क्रं.1263/2 पैकि | 03 | दर्ज नहीं | मनोजकुमार पिता शिवनारायण गुप्ता | रहुफ हुसैन पिता मोहम्मद हुसैन मंसूरी | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 16 | टोडा गली/भ.क्र.1140 | 03 | सुरेशकुमार, पुष्कर कुमार, दिनेश कुमार पिता नाथुलाल प्रजापति | सुरेशकुमार, दिनेश कुमार पिता नाथुलाल प्रजापति | पुष्कर कुमार पिता नाथूलाल प्रजापति | रजिस्टर्ड आपसी विभाजन पत्र |
| 17 | टोडा गली/भ.क्र.1140 | 03 | सुरेशकुमार, पुष्कर कुमार, दिनेश कुमार पिता नाथुलाल प्रजापति | सुरेशकुमार, पुष्कर कुमार पिता नाथुलाल प्रजापति | दिनेशकुमार पिता नाथूलाल प्रजापति | रजिस्टर्ड आपसी विभाजन पत्र |
| 18 | जूनापानी रोड से अंदर/सर्वे क्रं.1443/1/1/2 | 15 | दर्ज नहीं | मनोजकुमार पिता कैलाशराम मेघवाल | सायराबानो पति मोहम्मद फिरोज फकीर | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 19 | राव कालोनी/भ.क्र.2608 | 05 | सर्वे अनुसार सीताबाई पति कन्हैयालाल रत्नावत | रमेशचंद्र पिता मुंशीलाल दर्जी | सीताबाई पति कन्हैयालाल व राजेन्द्र पिता कन्हैयालाल रत्नावत | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र |
| 20 | पंजाबी कालोनी/भ.क्र.2775 | 06 | शिवनारायण पिता बंशीलाल गुप्ता | शिवनारायण पिता बंशीलाल गुप्ता | विजयकुमार पिता राधेश्याम चौधरी | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 21 | खाती मोहल्ला/सर्वे क्रं.547/1/5/1/2 | 01 | दर्ज नहीं | अनिता पति बाबूलाल बलाई | पायल पति बालकृष्ण श्रीवास्तव | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र |
| 22 | जवाहर मार्ग/भ.क्र.38 | 11 | भारत, नवीन पिता गोपालदास नंदवानी | भारतकुमार, नवीन पिता गोपालदास नंदवानी | राजा पिता गोपालदास नंदवानी | रजिस्टर्ड दान पत्र |
| 23 | जवाहर मार्ग/भ.क्र.36 | 11 | पवन पिता गोपालदास नंदवानी | पवन पिता गोपालदास नंदवानी | राजा पिता गोपालदास नंदवानी | रजिस्टर्ड दान पत्र |
| 24 | हरिजन मोहल्ला/भ.क्र.2105 | 04 | कन्हैयालाल पिता मांगीलाल | कन्हैयालाल पिता मांगीलाल बाली | अनिल दत्तक पुत्र कन्हैयालाल बाली | मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वैध उत्तराधिकारी |

**सुरेश यादव**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, शामगढ़**

**श्रीमती डाली जोशी**
**उपाध्यक्ष**
**नगर परिषद, शामगढ़**

**श्रीमती कृष्णा फरक्या**
**सभापति राजस्व एवं बाजार समिति**
**नगर परिषद, शामगढ़**

**श्रीमती कविता यादव**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद शामगढ़**

